





## एक नजर में

### बड़वाह के नर्मदा पुल से अज्ञात व्यक्ति ने नदी में लगाई छलांग



**बड़वाह, निप्र।** मध्यप्रदेश के बड़वाह नावघाट खेडी स्थित नर्मदा नदी के पुल से सोमवार दोपहर में अचानक एक युवक ने छलांग लगा दी। वही पुल से निकल रहे राहगीरों ने जोर जोर आवाज लगाकर वहा नदी के तट पर मौजूद गोताखोर नाविकों का ध्यान आकर्षित करवाया। वैसे ही तुरंत नाविकों द्वारा नाव का इंजन स्टार्ट कर उसे बचाने के प्रयास के पहुंचे। लेकिन कुछ दूरी तक हलचल के बाद युवक नदी के पानी में समा गया। वही नर्मदा पुल से किसी राहगीर ने डूब रहे व्यक्ति का वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गोताखोर प्रदीप केवट ने बताया कि हम उस व्यक्ति तक पहुंच पाते उसके पहले ही वो नर्मदा में डूब गया। घटना के बाद से पुलिस भी युवक की तलाश करवाने मे जुटी है। लेकिन दूसरे दिन मंगलवार को सुबह ग्यारह बजे तक तलाश करने के बाद भी युवक का पता नहीं चल पाया है। यह युवक कौन था, कहा का रहने वाला है उसकी पहचान क्या है इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। अब युवक के मिलने के बाद ही इस बारे में मालूम चल सकेगा।

### युवा दवा व्यवसायी संजय मुछाला नर्मदा पैदल परिक्रमा यात्रा पर रवाना

**सनावद, निप्र।** नगर के युवा दवा व्यवसायी संजय मुछाला नर्मदा जयंती नर्मदा की पैदल परिक्रमा यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा के पूर्व मुछाला ने ओंकारेश्वर में ओंकार पर्वत की परिक्रमा की और भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर का पूजन-अर्चन किया और राष्ट्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पहले मुछाला ने पदयात्रा अकेले ही प्रारंभ की। लेकिन मोरटक्का तक विदाई देने आई मुछाला की पत्नी वंदना ने भी अपने पति के साथ नर्मदा परिक्रमा करने का फैसला लिया। मुछाला ने कहा कि अब हम दोनों मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा कर रहे हैं। मुछाला ने बताया कि पिछले कई दिनों से मन हो रहा था कि मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा की जाए। जिसकी शुरुआत हमने नर्मदा जयंती से की है। मुछाला दंपति का स्वागत समाजसेवी सतीश इंगले, दिलीप सकरोदिया, सुरेश मोरान्या, राकेश बिरला ने किया।



### माँ जयंती के दरबार में सोमवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा



**बड़वाह, निप्र।** शहर से महज 3 किलोमीटर दूर सुरम्य वन क्षेत्र में विराजीं माँ जयंती के दरबार में सोमवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अवसर था जयंती माता के प्राकट्य दिवस का, जिसे श्रद्धालुओं ने पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया। पूरा मंदिर परिसर दिन भर माता के जयकारों से गूंजता रहा। उत्सव के लिए मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। गर्भगृह में फूलों और गुब्बारों की आकर्षक सजावट की गई थी, वहीं मंदिर परिसर में भव्य फूल बंगला सजाया गया, जो दर्शनार्थियों के आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। प्राकट्य दिवस के धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत ब्रह्ममुहूर्त में हुई। पंडित रामस्वरूप शर्मा और महेंद्र शर्मा ने विधि-विधान से माताजी का पूजन और अभिषेक संपन्न कराया। इसके पश्चात माताजी का विशेष और अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुबह 9 बजे से देवीपाठ और हवन का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में उपस्थित यजमानों और माता भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना की। हवन की पूर्णाहूति के बाद भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान माताजी को 56 प्रकार के व्यंजनों जिसे 56 भोग कहते है, का नैवेद्य अर्पित किया गया। आरती के समय माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पंगत में बैठकर महाप्रसादी ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष माघ शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर जयंती माता का प्राकट्य उत्सव परंपरा अनुसार धूमधाम से मनाया जाता है।

### गणतंत्र दिवस पर कर्मचारियों को डॉ . आशाराम ख़रते ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**गोगावा, निप्र।** राषटीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 3 कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस पर BMO डॉ आशाराम ख़रते ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

(1) डॉ संदीप गुप्ता CHO बजरंगपुर
(2) दीपालिसिंह ANM दयालपुरा
(3) भोजराज तारे Mp2 बलगांव
(4) रानू वर्मा आशा कार्यकर्ता गोगावां



### गोगावा में भी 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया , बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**गोगावा, निप्र।** मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया नगर में प्रभात फेरी भी निकाली गई वही कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान पर विकासखंड स्तर का कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर ने पड़ा 27 पेच के इस संदेश वाचन में मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होने का संदेश दिया गया था कार्यक्रम में नगरवासियों के साथ ही समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। यहाँ स्कुली बच्चो ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतिया भी दी कार्यक्रम पश्चात मंच से राष्ट्रीय कार्यक्रम कामों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारियों को प्रमाण पत्र भी बाटे गए । सुबह से राष्ट्रीय गीतो की धूम रही शासकीय कार्यालयों तहसील, पुलिस थाना, उत्कृष्ट विद्यालय , आदिम जाति बहुउद्देशीय साख संस्था, शांति शिक्षा निकेतन स्कूल, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्राम पंचायत, शहीद चंद्रशेखर आजाद क्लब के साथ ही निजी स्कुलो ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय भवनों पर तिरंगा झंडा फहराया गया ।



# उन्मुक्त गगन में शान से लहराया तिरंगा

## प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने किया झंडावंदन





**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** लोकशाही का पर्व गणतंत्र दिवस शहर सहित समूचे अंचल में उत्साह और उमंग भरे माहौल में मनाया गया। शासकीय, निजी कार्यालयों सहित स्कूल परिसरों में राष्ट्रीय तिरंगा उन्मुक्त गगन में शान से फहराया गया। मुख्य आयोजन डीआरपी लाईन मैदान पर हुआ। यहां सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। रंगीन गुब्बारे छोड़े गए। परेड द्वारा हर्ष फायर कर राष्ट्रपति की जयघोष की गई। मुख्य अतिथि मंत्री श्री सारंग ने परेड कमांडरों का परिचय प्राप्त किया और कारगिल शहीदों के परिजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, राजकुमार मेव, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, डीएटीसीसी सदस्य श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, कलेक्टर भव्या मित्तल, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी रविंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह के बाद मंत्री श्री सारंग ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मध्यान्ह भोजन किया।

**यहां भी हुए झंडावंदन:-** गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर, न्यायालय परिसर, नगर पालिका परिसर, प्रेस क्लब, कांग्रेस कार्यालय, भाजपा कार्यालय में भी झंडावंदन के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर स्कूलों, शासकीय कार्यालयों और निजी संस्थानों में राष्ट्र ध्वज फहरा कर सलामी दी

**बैड़िया, निप्र।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूलों, शासकीय कार्यालयों और निजी संस्थानों में राष्ट्र ध्वज फहरा कर सलामी दी गई। कृषि उपज मंडी एवं उप तहसील कार्यालय में विधायक सचिन बिरला और जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्र ध्वज फहराया। विधायक ने क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था। संविधान संपूर्ण राष्ट्र को एकसूत्र में बांधता है। गणतंत्र दिवस भारत के नागरिकों को मौलिक अधिकारों और संविधान के आदर्शों, न्याय, समानता एवं बंधुत्व का स्मरण कराता है। गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए भी प्रेरित करता है। इस अवसर पर भाजपा नेता दिलीप पटेल, सरपंच चंद्रपाल सोहनेर, गोविंद बिरला, नरेंद्र गावशिंदे, ओमप्रकाश राठौड़, डॉ .अरविंद रावल, तिलोकचंद भाटिया, रजनीश कानूनगो, सदाशिव चौधरी, बलिराम पटेल, संजय पाठक, माधव मालाकार, बेनीराम भायड़िया, सुरेंद्र शुक्ला, यशवंत चौधरी, श्याम राठौड़, धर्मेंद्र भाटिया, बिरजू वर्मा, महेश पटवारिया, अनवर खान, सावन जैन, भोलेराम केथवास, किशोरीलाल कुमरावत, अशोक सोनी, बेनीराम पटल्या, धीरेन्द्र जैन, हर्षदीप नामदेव, महेश राठौड़, सुरेंद्र सोनी सोनी, पूनम चारण सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



## गम्मू आदिवाल को गणतंत्र दिवस सामरोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

**सनावद, निप्र।** नगर के शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ सहायक शव निरीक्षक गम्मू आदिवाल को उनकी कर्तव्यनिष्ठता और समर्पण के लिए खरगोन में आयोजित गणतंत्र दिवस सामरोह में प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस दौरान विधायक बालकृष्ण पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे एवं जिला कलेक्टर भव्या मित्तल उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आदिवाल मृतकों के पोस्टमार्टम में निपुण हैं और कठिन से कठिन शवों का पोस्टमार्टम करने में विशेष रूप से दक्ष हैं। आदिवाल सनावद नगर के शासकीय चिकित्सालय में सेवा प्रदान करने के साथ-साथ बड़वाह, बेड़िया एवं ओंकारेश्वर के शासकीय अस्पतालों में भी शवों का पोस्टमार्टम करते आ रहे हैं।



## एन सी सी स्काउट गाइड के जवानों ने बैंड की धुन पर किया कदमताल

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रभात फेरी सुबह 7 : 30 बजे कन्या शाला के सामने से निकली जिसमें अन्य विद्यालयों के बच्चे जुड़ते चले गए यह प्रभात फेरी 8 : 30 बजे घंटाघर स्थित ऐतिहासिक झंडाचौक पर पहुंची जहां शिक्षाविद बी के उपाध्याय ने झंडावंदन किया इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। प्रभात फेरी स्कूल मैदान पर समाप्त हुई जहां नगर का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने झंडावंदन किया पुलिस जवानों ने ध्वज को सशस्त्र सलामी दी। यहां आयोजित मार्च पास्ट में एन सी सी के आर्म्ड विंग एयर विंग स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स रेडक्रॉस बैंड सहित कुल 23 ट्रूप्स ने भाग लिया। नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने एस डी एम पूर्वा मंडलोई नायब तहसीलदार संजय बावेल सी एम ओ संजय रावल के साथ परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड का नेतृत्व एम जी स्कूल के एन सी सी सार्जेंट जयेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर की विभिन्न शासकीय और निजी स्कूलों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। श्रेष्ठ मार्च पास्ट के लिए उमिया कन्या स्कूल के एन सी सी ट्रूप को प्रथम एवं एम जी स्कूल के एन सी सी ट्रूप को दूसरा स्थान मिला अनुशासन में कंवर तारा स्कूल प्रथम शासकीय कन्या स्कूल द्वितीय एवं शासकीय एम जी स्कूल तृतीय स्थान पर रहे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उमिया गर्ल्स एकेडमी प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में नगर का नाम रोशन करने वालो को पुरस्कृत किया गया। नगर की बेटी दिव्य दीपक चौबे एवं विवेक कड़ोले को खेल एवं युवक कल्याण मंत्रालय के मां तुझे सलाम योजना में शामिल होने पर पुरस्कृत किया गया। नगर की दिव्यांग बालिका वीरा लखन कर्मा को एकल नृत्य के लिए, राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में श्रीजीत प्रेमांकू तवर को एवं श्रीमद भागवत ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता वासु चौबे को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने पर नगर परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह चौहान ने किया आभार सी एम ओ संजय रावल ने माना।



## कसरावद नगर परिषद अध्यक्ष ने शान से फहराया तिरंगा

**कसरावद, निप्र।** कसरावद में सोमवार को नगर परिषद परिसर में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धुमधाम से मनाया गया । नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती विमला राजेन्द्र सिंह यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण किया । इसके पश्चात राष्ट्रध्वज तिरंगा शान से फहराया गया। और सलामी दी गई। इस दौरान पार्षद, प्रतिनिधि, नगर परिषद अधिकारी कमलेश गोले सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। वही शाम को नगर परिषद परिसर में स्कूलों द्वारा बच्चों ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, महर्षि वेदव्यास पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान पर एवं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय ने तृतीय स्थान पर रही । एवं अन्य स्कूलों को भी सात्वाना पुरस्कार दिया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।। मंच संचालक पार्षद प्रतिनिधि रहीस कुरेशी द्वारा किया गया।



## बिटनेरा ग्राम में संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा शुरू

**गोगावा, निप्र।** मुख्यालय से 4 किमी दूर ग्राम बिटनेरा में संत सिंगाजी महाराज की आध्यात्मिक परचरी पुराण का वाचन मंगलवार से प्रारम्भ हुआ है। कथावाचक संजय महाराज द्वारा परचरी पुराण दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक बिटनेरा फाटे के पास कमलसिंह तोमर के खलिहान में की जा रहीं हैं। कथा प्रारम्भ होने से पूर्व श्री राम मंदिर से बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई जो गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन गाये। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। परचरी पुराण मुख्य रूप से संत सिंगाजी महाराज की शिक्षाओं, उनके जीवन और भक्ति मार्ग को जन-जन तक पहुँचाने के लिए किया जाता है। इसका उद्देश्य अहंकार को मिटाकर समर्पण भाव लाना, गुरु की शिक्षाओं को आत्मसात करना, मानसिक शांति पाना और भक्तों को मोक्ष मार्ग की ओर प्रेरित करना है। इस कथा के माध्यम से गुरु महाराज की शिक्षाओं और संतों के जीवन से प्रेरणा मिलती है, जो मनुष्य को वास्तविक जीवन का अर्थ समझाती हैं। परचरी कथा में 'मैं' (अहंकार) के भाव को मिटाकर समर्पण और भक्ति का मार्ग अपनाने पर जोर दिया जाता है, जिससे मन को स्थिरता और शांति मिलती है। यह भक्ति रस से सराबोर होती है, जिससे लोगों के मन में भक्ति भावना जागृत होती है तथा नश्वर संसार से हटकर आत्मज्ञान और परमानंद की ओर ले जाने वाला मार्ग दिखाती है, जो आत्मा की शुद्धि और मोक्ष के लिए आवश्यक है। यह भारतीय संस्कृति और संतों के जीवन दर्शन को बढ़ावा देती है, जिससे समाज में प्रेम और सद्भाव बढ़ता है।



## गोगावां में किया ध्वजारोहण



**गोगावां, निप्र।** राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोगावां में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ आशाराम ख़रते ने ध्वजारोहण किया ,सभी ने राष्ट्र गीत गाकर वंदेमातरम ,व भारत माता की जय के जयकारे लगाए ,साथ ही डॉ आशाराम ख़रते ने राषटीय पर्व की महत्ता बताकर अपील की की आज संविधान के अधिकार के साथ अपने कर्तव्यों को भी ध्यान रखे, इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर चिन्हित कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया।

## सनावद में गणतंत्र दिवस मनाया



**सनावद, निप्र।** नगर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस सोमवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। नगर के निजी और सरकारी स्कूलों, शासकीय कार्यालयों और निजी संस्थानों में राष्ट्र ध्वज फहरा कर सलामी दी गई। नगरपालिका परिसर में नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला ने राष्ट्र ध्वज फहराया और सलामी दी। तत्पश्चात नपाध्यक्ष और पार्षदगण ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एमडी जैन स्कूल ग्राउंड में नपाध्यक्ष ने राष्ट्र ध्वज फहराया और सलामी दी। नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने अनुशासित होकर कदमताल के साथ परेड निकाली और राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष नयना चौधरी, पार्षद गंगाभारती शर्मा, ज्योति गुप्ता, दुर्गा माली, पूजा परिहार, जय शिंदे, पवन इंगला, अमिता मंत्री, दीप्ति बंसल, मानसिंह राठौर, राजेश अंजने, डॉ.हंसा पाटीदार, उमा पाटीदार, सरोज इंगला, विनोद आदिवाल आदि उपस्थित थे।

**एक नजर में** ▶ द एडवेंट एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की अलग : अलग प्रस्तुतिया देकर प्रथम स्थान हासिल किया

# बड़वाह में गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक झंडा वंदन धूमधाम से मनाया

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** नगर पालिका परिसर में गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक झंडा वंदन धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय और अशासकीय स्कुलों में सुबह 8 बजे झंडा वंदन हुआ। सार्वजनिक झंडा वंदन सुबह 9 बजे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता साद ने किया। इसके पश्चात श्री साद ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मतदाता जागरूकता व राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत प्रस्तुति जब स्कूली बच्चों ने दी तो परिसर तालियों की गड़गडाहट से गूंज उठा। पहली बार नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता व परिषद की और से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3100 , द्विर्तीय 2100 एवं तृतीय 1100 एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में अन्य टीम को एक-एक हजार रूपये की राशि वितरित की गई। वहीं मंचासीन एसडीएम सत्यनरायण दर्रे, तहसीलदार शिवराम कनासे, सीएमओ कुलदीप किशुंक, जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र जी माले, पूर्व जिला महामंत्री महीम ठाकुर, नगर महामंत्री महेंद्र अमई, पार्षद रूपसिंह रावत, पार्षद रजनी भंडारी, विजय महाजन, विजय सोनी, जिम्मी तोमर, बीईओ रेवाराम वर्मा, बीआरसी मेवाराम बर्मन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं स्टाप मोजूद था। द एडवेंट एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों ने एमजी, महाराष्ट्र, राजस्थानी, गुजरती सहित विभिन्न राज्यों की अलग-अलग प्रस्तुतिया देकर प्रथम स्थान हासिल किया। ज्योर्तिमय मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुती देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही सांदीपनी विद्यालय केम्पस एक की छात्राओ ने तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं सांत्वना पुरस्कार लिटिल स्टार एकेडमी, नेता जी सुभाष चंद बोस बालिका छात्रावास, संदीपनी विद्यालय केम्पस तीन की टीम को मिला। निर्णायक प्राचार्य हंसा कानूडे, सुरेन्द्र पंडया, प्राचार्य सुधीर राठौड़ थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परेश विजयवर्गीय ने किया।

**इन्हें किया सम्मानीय:-** शिक्षाविद भीमसिंह सेंगर सम्मान से शासकीय स्कूलों के होनहार कक्षा 10 वी एवं 12 वी के प्रथम- द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सील्ड देकर पुस्कृत किया गया। कक्षा 10 वी एवं 12 वी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5100 एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 की राशि देकर सम्मानित किया गया।

**उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया सम्मानित:-** अंकित कानूनगो, गोलू बिरला, गोपाल वाघे, आंगनवाडी कार्यकर्ता आशा पंवार, मिथिलेश वर्मा, रेशनी राठौड़, यतीन्द्र जोशी, डॉ.परेश विजयवर्गीय, सतविन्द्र सिंह भाटिया, संजय कुमार शुक्ला, पंकज कोशल,र विन्द्र वर्मा, सिमोन बर्डे सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

